लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2782

दिनांक 10.03.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

महिला हथकरघा बुनकर

2782. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगेः
श्री निलेश ज्ञानदेव लंकेः
श्री संदिपनराव आसाराम भुमरेः
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकरः
श्री ज्ञानेश्वर पाटीलः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान देश के विभिन्न राज्यों, विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों तथा दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव संघ राज्यक्षेत्रों में विशेषकर महिला हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की गई योजनाओं अथवा कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा महिला बुनकरों के लिए कौशल विकास, क्षमता निर्माण या उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कोई प्रावधान किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और विगत तीन वर्षों के दौरान लातूर, अहिल्यानगर, औरंगाबाद (संभाजी नगर), खंडबा, दादरा और नागर हवेली तथा दमन और दीव में उक्त योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित महिलाओं की संख्या का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री गिरिराज सिंह)

(क) से (ग): वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार हथकरघा को बढ़ावा देने और देश भर में महिला हथकरघा बुनकरों सहित हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्य तथा दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्य-क्षेत्रों को शामिल करते हुए (i) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी) और (ii) कच्चा माल आपूर्ति योजना (आरएमएसएस) जैसी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है। इन योजनाओं के तहत महिला हथकरघा बुनकरों सहित पात्र हथकरघा एजेंसियों/बुनकरों को कच्चा माल, उन्नत करघे और सहायक उपकरणों की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड के निर्माण, कौशल विकास और क्षमता निर्माण के लिए समर्थ प्रशिक्षण, उत्पाद और डिजाइन विकास, तकनीकी और सामान्य अवसंरचना, उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए घरेलू/विदेशी बाजारों में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के तहत ऋण, सामाजिक सुरक्षा, पुरस्कार विजेता बुनकरों को आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता, हथकरघा कामगारों के बच्चों को छात्रवृत्ति आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इन योजनाओं के तहत महिला हथकरघा बुनकरों के लिए अलग से कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि, एनएचडीपी के तहत वर्कशेड के निर्माण के लिए महिला हथकरघा बुनकरों को 100% सब्सिडी प्रदान की जाती है। पिछले तीन वर्षों के दौरान समर्थ योजना के तहत कौशल प्राप्त महिला हथकरघा बुनकरों का राज्य-वार ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

क्र. सं.	**राज्य का नाम**	**वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के दौरान कौशल प्राप्त महिला बुनकरों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	425
2	अरुणाचल प्रदेश	328
3	असम	1,327
4	बिहार	431
5	छत्तीसगढ	353
6	गुजरात	379
7	हरियाणा	197
8	हिमाचल प्रदेश	451
9	जम्मू और कश्मीर	361
10	झारखंड	567
11	कर्नाटक	474
12	केरल	1,056
13	मध्य प्रदेश	393
14	महाराष्ट्र	1,027
15	मणिपुर	579
16	मेघालय	133
17	मिजोरम	498
18	नागालैंड	396
19	ओडिशा	727
20	पंजाब	98
21	राजस्थान	331
22	तमिलनाडु	1,027
23	तेलंगाना	697
24	त्रिपुरा	475
25	उत्तर प्रदेश	727
26	उत्तराखंड	269
27	पश्चिम बंगाल	451
	कुल	**14,177**

****